भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1053

(जिसका उत्तर मंगलवार, दिनांक 28 जुलाई, 2026/ 6 श्रावण 1948 (शक) को दिया जाना है)

देश में स्वर्ण भण्डार

1053 #श्री रामजी लाल सुमन:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतीय रिजर्व बैंक के पास वर्तमान में कितना स्वर्ण भण्डार है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान ऐसे स्वर्ण भण्डार में वृद्धि अथवा कमी की वस्तुस्थिति क्या है;

(ग) क्या यह पता लगाने के लिए कोई अध्ययन करवाया गया है कि देश में धार्मिक स्थानों में कितना सोना जमा है; और

(घ) क्या यह पता लगाने के लिए कोई अध्ययन करवाया गया है कि भारतीय परिवारों में कितना सोना है?

<u>उत्तर</u>

वित्त राज्य मंत्री

(श्री पंकज चौधरी)

***

(क) से (ख):

भारतीय रिज़र्व बैंक के पास 26 जून, 2026 की स्थिति के अनुसार 880.52 मीट्रिक टन स्वर्ण भंडार था। पिछले तीन वर्षों के दौरान ऐसे स्वर्ण भंडार में वृद्धि या कमी की तथ्यात्मक स्थिति निम्नानुसार है:

संदर्भ तिथि	मात्रा (मीट्रिक टन में)	वर्ष के दौरान वृद्धि (मीट्रिक टन में)
31.03.2023	794.63	-
31.03.2024	822.10	27.47
31.03.2025	879.58	57.48
31.03.2026	880.52	0.94

स्रोत: आरबीआई

(ग) से (घ): भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) तथा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा इस संबंध में कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

***